University in News on 29 April 2024

i-NEXT PAGE 3

तीन शिफ्ट में यूजी के एग्जाम कल से शुरू

पहली बार लागू हुई तीन पालियों की व्यवस्था, पांच जिलों में बने केंद्र

LUCKNOW (28 APRIL): लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत मंगलवार से होगी. पहली बार विश्वविद्यालय तीन पालियों में एमसीक्यू पैटर्न पर यह परीक्षाएं कराएगा. केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे पहले प्रवेश दिया जाएगा. रविवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने परीक्षार्थियों के बैठने एवं नकल विहीन परीक्षा कराने के निर्देश जारी किए.

केंद्र को निर्देश दिए गए

पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 से 10:30 बजे तक, दूसरी पाली सुबह 11:30 से एक बजे और तीसरी पाली दोपहर दो से 3:30 बजे तक होगी. केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि सूचना पट्ट पर अनुक्रमांक की सूची बैठने की व्यवस्था के साथ प्रदर्शित करें.

हर रूम में दो निरीक्षक

कक्ष निरीक्षकों को भी परीक्षा से 30 मिनट पहले कमरों में अनिवार्य रूप से पहुंचने के लिए कहा गया है. प्रत्येक परीक्षा कक्ष में कम से कम दो कक्ष निरीक्षक अवश्य होने चाहिए. केंद्रों पर सीसी कैमरे (वायस रिकार्डर सहित) मेन गेट, परीक्षा कक्ष संचालन, बरामदों, कमरों में लगे हों और रिकार्डिंग सुरक्षित रखनी होगी. परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि थ्योरी आधारित परीक्षाएं पूर्व की भांति दो पालियों में होंगी.

लखनऊ विश्वविद्यालय में होने वाली स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए रविवार को चीफ प्रावक्टर ने भी निर्देश जारी किए हैं. परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पहले गेट नंबर एक, तीन (विवेकानंद द्वार) और सात से प्रवेश दिया जाएगा. परीक्षा ड्यूटी वाले शिक्षकों, कर्मचारियों को भी इन्हीं गेट से प्रवेश के लिए कहा गया है. परीक्षा अवधि में अनुभावकों को भी परिसर के बाहर रहने के लिए कहा है. परीक्षा कक्ष में अनुचित साधन पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी.

इन कोर्स की परीक्षाएं कल से होंगी

- बीए (एनईपी) दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर, बीएससी दूसरे, चौथे, छठे सेमेस्टर, बीएससी होम साइंस दूसरे और छठे सेमेस्टर.
- परीक्षा केंद्र : 263
- नोडल केंद्र : 22
- परीक्षार्थियों की संख्या : तीन लाख से अधिक

ये हैं प्रमुख निर्देश

- परीक्षार्थी ओएमआर शीट को ब्लैक या ब्लू बाल प्वाइंट पेन से भरें
- प्रश्न पुस्तिका परीक्षा शुरू होने से पांच मिनट पहले परीक्षार्थियों को दी जाए
- एमसीक्यू प्रश्न पुस्तिका (बुकलेट) भी विद्यार्थियों से परीक्षा के बाद वापस ले ली जाए
- परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी नोट्स, मोबाइल आदि लाने पर रोक रहेगी

NBT PAGE 4

छात्रों की लगन, जीवन में सफलता दिलाएगी

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊः एलयू न्यू कैंपस में होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास में रविवार को विदाई समारोह और पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर एलएलबी के स्टूडेंट्स छात्रावास के छात्र रहे 40 जज, 8 असिस्टेंट प्रफेसर और अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास से काफी प्रतिभाशाली लोग पढ़ाई करके निकले हैं। छात्रों की लगन, उन्हें निश्चित ही जीवन में सफलता के मार्ग पर अग्रसर करेगी। इस मौके पर चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह, प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह, न्यू कैंपस के निदेशक प्रो.आरके सिंह और डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू मौजूद रहे।

LU : परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले पहुंचना होगा

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू मुख्य परिसर में 30 अप्रैल से शुरू हो रहीं इवेन सेमेस्टर की परीक्षाओं में स्टूडेंट्स को परीक्षा समय से 45 मिनट पहले पहुंचना होगा। स्टूडेंट्स को विवेकानंद और 7 नंबर गेट से प्रवेश दिया जाएगा। स्टूडेंट पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और बैग परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं ले जा सकेंगे। ये जानकारी प्रॉक्टर प्रो.राकेश द्विवेदी ने दी।

पूर्व छात्रों का किया गया सम्मान

LUCKNOW (28 APRIL): लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थित होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास में रविवार को दशविदानिया (विदाई समारोह) तथा पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विधि संकाय के एलएलबी (पांच वर्षीय), एलएलबी (तीन वर्षीय) तथा एलएलएम के छात्र एवं विधि की क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां प्राप्त करने वाले पूर्ववर्ती छात्रों को सम्मानित किया गया. इनमें छात्रावास के पूर्व छात्र रहे 40 जज, आठ असिस्टेंट प्रोफेसर और वह अन्य प्रतिष्ठित अधिवक्ता शामिल रहे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय थे. उन्होंने छात्रों को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की. कहा कि छात्रों की लगन, उन्हें निश्चित ही जीवन में सफलता के मार्ग पर अग्रसर करेगी.

डीआरसी की बैठक कल होगी

एलयू के शारीरिक शिक्षा विभाग में पीएच.डी सत्र 2023-24 के नए प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने के लिए 30 अप्रैल को विभागीय शोध समिति (डीआरसी) की बैठक बुलाई गई है. विभागाध्यक्ष प्रो. रुपेश कुमार ने सभी इन छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय के अनुसार शोध प्रस्ताव की तीन हार्डकापी एवं पीपीटी की साफ्ट कापी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं.

एलयू के एनसीसी कैडेट्स ने किया श्रमदान

मां गोमती नदी के संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए लोक भारती एवं मनकामेश्वर मंदिर की ओर से आयोजित मां गोमती नदी संरक्षण अभियान के तहत श्रमदान में लखनऊ विश्वविद्यालय के 64 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने नदी के किनारे कचरे एवं नदी के पानी को साफ करने में योगदान दिया.

HINDUSTAN PAGE 6

परीक्षा नियंत्रक ने सम सेमेस्टर परीक्षा के लिए जारी की गाइडलाइन

पहली बार तीन पालियों में सम सेमेस्टर परीक्षा कल से

एलयू

09 से 10.30 बजे सुबह तक पहली तो साढ़े 11 बजे से दूसरी पाली की परीक्षा होगी

02 बजे से 3.30 बजे तक दोपहर को तीसरी पाली की परीक्षा होगी

परीक्षा के दौरान आधे घंटे की समाप्ति पर दो घंटे बजेंगे

एमसीक्यू परीक्षा के दौरान परीक्षाकाल में घंटे बजने की संख्या निर्धारित कर दी गई है। आधे घंटे की परीक्षा समाप्ति पर दो घंटे बजेंगे, एक घंटे की समाप्ति पर तीन, परीक्षा समाप्ति के दस मिनट पूर्व एक घंटा बजेगा। जिसे सुनकर कक्ष निरीक्षक परीक्षार्थियों को 10 मिनट शेष रहने की सूचना देंगे।

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षा 30 अप्रैल से शुरू हो रही है। ये पहली बार होगा जब विश्वविद्यालय की परीक्षा दो पालियों की जगह तीन पालियों में होगी। एमसीक्यू आधारित सम सेमेस्टर परीक्षा की पहली पाली सुबह 9 से 10.30, दूसरी पाली 11.30 से 1 एवं तीसरी पाली दोपहर दो से 3.30 बजे तक होगी। थ्योरी आधारित परीक्षा पूर्व की तरह दो पालियों में होंगी। रविवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने सभी कॉलेजों के प्राचार्य को सम सेमेस्टर परीक्षा की गाइडलाइन एवं निर्देश जारी किए।

परीक्षा मे कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा से 30 मिनट पूर्व पंहुचना होगा। ओएमआर शीट को ब्लैक या ब्लू प्वांइट पेन से भरना होगा। प्रश्न पुस्तिका परीक्षा शुरू होने के पांच मिनट पूर्व दी जाएगी। कक्ष निरिक्षक के निर्देश के बाद ही परीक्षार्थी प्रश्न पत्र पुस्तिका को खोल पाएंगे।

250 छात्रों पर एक केन्द्राध्यक्ष: परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि केन्द्राध्यक्ष के रूप में विश्वविद्यालय से अनुमोदित प्राचार्य अर्ह होंगे। प्राचार्य की अनुपस्थिति में वरिष्ठतम शिक्षक केन्द्राध्यक्ष के रूप में नियुक्त होंगे। 250 पंजीकृत छात्रों पर एक, 251 से 500 छात्रों पर दो, 501 से 750 छात्रों पर तीन, 751 एवं 1500 छात्रों पर चार, 1501 से अधिक पंजीकृत छात्रों पर पांच सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त होंगे। इसके बाद 100 की संख्या के अतिरिक्त सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त होंगे। प्रत्येक कक्ष में कम से कम दो कक्ष में परिप्रेक्ष्क अवश्य हों। सभी परीक्षा केन्द्रों पर वाइस रिकार्डर के साथ सीसीटीवी मेन गेट, परीक्षा संचालन कक्ष, एवं परीक्षा कक्षों में अनिवार्य रूप से लगे होने के निर्देश हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

सीजीपीए 7.5 से कम तो चौथे साल नहीं मिल पाएगा दाखिला

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 30 अप्रैल से सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। अन्य छात्र-छात्राओं के साथ ही यह परीक्षा अंतिम वर्ष वाले विद्यार्थियों के लिए बेहद अहम है। जो विद्यार्थी 7.5 सीजीपीए हासिल नहीं कर सकेंगे, उनका स्नातक तीन साल का ही होगा। सिर्फ 7.5 सीजीपीए हासिल करने वालों को ही चौथे साल में दाखिला मिल पाएगा।

कल से शुरू होंगी लविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं

ऐसे विद्यार्थियों को शोध की डिग्री नहीं मिलेगी। ऐसे में परास्नातक पाठ्यक्रम उनके लिए दो वर्ष का होगा। लविवि में पहली बार तीन पाली में परीक्षाओं की शुरुआत होने जा रही है। इसके तहत पहली पाली सुबह नौ बजे से साढ़े दस बजे तक, दूसरी पाली सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर एक बजे तथा तीसरी पाली दोपहर दो बजे से साढ़े तीन बजे के बीच होनी है। सम सेमेस्टर की परीक्षाएं बहुविकल्पीय सवाल आधारित प्रणाली पर ओएमआर शीट पर होती हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

PIONEER PAGE 4

पहली बार लखनऊ विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं तीन पॉली में कल से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मंगलवार से शुरू होने वाली लखनऊ लखनऊ विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं दो पालियों की जगह तीन पालियों में होगी। एमसीक्यू आधारित सम सेमेस्टर परीक्षा की पहली पाली सुबह 9 से 10.30, दूसरी पाली 11.30 से 1 एवं तीसरी पाली दोपहर दो से 3.30 बजे तक होगी। थ्योरी आधारित परीक्षा पूर्व की तरह दो पालियों में होंगी।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी के मुताबिक परीक्षा मे कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा से 30 मिनट पूर्व पंहुचना होगा। ओएमआर शीट को ब्लैक या ब्लू प्वांइट पेन से भरना होगा। प्रश्न पुस्तिका परीक्षा शुरू होने के पांच मिनट पूर्व दी जाएगी। कक्ष निरिक्षक के निर्देश के बाद ही परीक्षार्थी प्रश्न पत्र पुस्तिका को खोल पाएंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्राध्यक्ष के रूप में विश्वविद्यालय से अनुमोदित प्राचार्य अर्ह होंगे। प्राचार्य की अनुपस्थिति में वरिष्ठतम शिक्षक केन्द्राध्यक्ष के रूप में नियुक्त होंगे। 250 पंजीकृत छात्रों पर एक, 251 से 500 छात्रों पर दो, 501 से 750 छात्रों पर तीन, 751 एवं 1500 छात्रों पर चार, 1501 से अधिक पंजीकृत छात्रों पर पांच सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त होंगे। इसके बाद 100 की संख्या के अतिरिक्त सहायक केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति होगी। प्रत्येक कक्ष में कम से कम दो कक्ष में परिप्रेक्ष्क अवश्य हों। सभी परीक्षा केन्द्रों पर वाइस रिकार्डर के साथ सीसीटीवी मेन गेट, परीक्षा संचालन कक्ष, एवं परीक्षा कक्षों में अनिवार्य रूप से लगे होने के निर्देश हैं।

आधे घंटे की समाप्ति पर दो घंटे बजेंगे

एमसीक्यू परीक्षा के दौरान परीक्षाकाल में घंटे बजने की संख्या निर्धारित कर दी गई है। आधे घंटे की परीक्षा समाप्ति पर दो घंटे बजेंगे, एक घंटे की समाप्ति पर तीन, परीक्षा समाप्ति के दस मिनट पूर्व एक घंटा बजेगा।

AMRIT VICHAR PAGE 4

गोमती नदी से कचरा निकालते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

कैडेट्स ने गोमती किनारे साफ-सफाई की

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नदी के संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए लोक भारती एवं मनकामेश्वर मठ मंदिर की ओर से अभियान चलाया गया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के 64 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेटो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान गोमती नदी के तटों की स्वच्छता को बढ़ाने के लिए एक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कैडेट्स ने नदी के किनारे स्थित कचरे एवं नदी के पानी को साफ करने में योगदान दिया। इसके साथ ही नदी के निकट जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

एलयू के द्वितीय परिसर में सम्मानित हुए पूर्व छात्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास में रविवार को दशविदानिया(विदाई समारोह) तथा पूर्ववर्ती छात्रों के मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधि संकाय के एलएलबी (पंचवर्षीय), एलएलबी (त्रिवर्षीय), तथा एलएलएम के छात्र और विधि की क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां प्राप्त करने वाले पूर्ववर्ती छात्रो को सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्रावास के पूर्व छात्र रहे 40 जज, 8 असिस्टेंट प्रोफेसर और वह अन्य प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने न केवल छात्रों को सम्मानित किया बल्कि उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. आर के सिंह, डी एस डब्ल्यू प्रो. संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह, और होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह व सहायक प्रोवोस्ट इं. ओ पी सिंह और इं. शैलेंद्र सोनकर उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम के माध्यम से उन छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विधि के क्षेत्र में उल्लेखनीय समर्पण, नवाचार और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। अभूतपूर्व शोध से लेकर विश्वविद्यालय में महत्वपूर्ण योगदान तक, सम्मानित छात्रो ने महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है और दूसरों के लिए प्रेरणा के स्रोत बनकर उबरे हैं। कुलपति ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास विधि के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है जो भविष्य के लिए प्रेरणा स्रोत साबित होंगे। उन्होंने कहा छात्रों की लगन, उन्हें निश्चित ही जीवन में सफलता के मार्ग पर अग्रसर करेगी। इसके साथ ही चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह,ने स्वागत अभिभाषण में छात्रों की मेहनत को सराहते हुए समस्त अंत:वासी छात्रो को कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह ने इस आयोजन की सरहना की तथा विधि एवं समाज कल्याण में अपना उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रेरित किया। छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं समारोह में शिरकत करने वाले सभी अतिथियों एवं छात्रों को धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में हॉस्टल के अंत: वासीयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई तथा सभी अंत:वासी हर्षोल्लास से पूर्ण थे।

JAGRAN CITY PAGE III

तीन पालियों में यूजी की परीक्षाएं कल से

लवि में पहली बार लागू की गई तीन पालियों की व्यवस्था, पांच जिलों में बने केंद्र

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत मंगलवार से होगी। पहली बार विश्वविद्यालय तीन पालियों में एमसीक्यू पैटर्न पर यह परीक्षाएं कराएगा। केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे पहले प्रवेश दिया जाएगा। रविवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने परीक्षार्थियों के बैठने एवं नकल विहीन परीक्षा कराने के निर्देश जारी किए।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 से 10:30 बजे तक, दूसरी पाली सुबह 11:30 से एक बजे और तीसरी पाली दोपहर दो से 3:30 बजे तक होगी। केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि सूचना पट्ट पर अनुक्रमांक की सूची बैठने की व्यवस्था के साथ प्रदर्शित करें। कक्ष निरीक्षकों को भी परीक्षा से 30 मिनट पहले कमरों में अनिवार्य रूप से पहुंचने के लिए कहा गया है। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में कम से कम दो कक्ष निरीक्षक अवश्य होने चाहिए। केंद्रों पर सीसी कैमरे (वायस रिकार्डर सहित) मेन गेट, परीक्षा कक्ष संचालन, बरामदों, कमरों में लगे हों और रिकार्डिंग सुरक्षित रखनी होगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि थ्योरी आधारित परीक्षाएं पूर्व की भांति दो पालियों में होंगी।

इन कोर्स की परीक्षाएं कल से होंगी : बी.ए (एनईपी) दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर, बी.एससी दूसरे, चौथे, छठे सेमेस्टर, बी.एससी होम साइंस दूसरे और छठे सेमेस्टर।

लवि परिसर में गेट नंबर एक, तीन, सात से प्रवेश : लखनऊ विश्वविद्यालय में होने वाली स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए रविवार को चीफ प्रावक्टर ने भी निर्देश जारी किए हैं।

परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पहले गेट नंबर एक, तीन (विवेकानंद द्वार) और सात से प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा ड्यूटी वाले शिक्षकों, कर्मचारियों को भी इन्हीं गेट से प्रवेश के लिए कहा गया है। परीक्षा अवधि में अनुभावकों को भी परिसर के बाहर रहने के लिए कहा है। परीक्षा कक्ष में अनुचित साधन पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

डीआरसी की बैठक कल: लवि के शारीरिक शिक्षा विभाग में पीएच. डी सत्र 2023-24 के नए प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने के लिए 30 अप्रैल को विभागीय शोध समिति (डीआरसी) की बैठक बुलाई गई है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रुपेश कुमार ने सभी इन छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय के अनुसार शोध प्रस्ताव की तीन हार्डकापी एवं पीपीटी की साफ्ट कापी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

लवि में पूर्व छात्रों को किया गया सम्मानित

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थित होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास में रविवार को 'दसविदानिया' (विदाई समारोह) तथा पूर्व छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधि संकाय के एल.एल.बी (पांच वर्षीय), एल.एल.बी (तीन वर्षीय) तथा एल.एल.एम के छात्र एवं विधि की क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां प्राप्त करने वाले पूर्ववर्ती छात्रों को सम्मानित किया गया। इनमें छात्रावास के पूर्व छात्र रहे 40 जज, आठ असिस्टेंट प्रोफेसर और वह अन्य प्रतिष्ठित अधिवक्ता शामिल रहे।

लवि के होमी जहांगीर भाभा छात्रावास में रविवार को पूर्व छात्र मिलन सभा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय थे। उन्होंने छात्रों को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि छात्रों की लगन, उन्हें निश्चित ही जीवन में सफलता के मार्ग पर अग्रसर करेगी। इस मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. आर के सिंह, डी एस डब्ल्यू प्रो. संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह, होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास की प्रोवोस्ट डा. अर्चना सिंह व सहायक प्रोवोस्ट ओपी सिंह और शैलेंद्र सोनकर उपस्थित रहे। समारोह में सम्मानित होने वालों में न्यायाधीश देवप्रिय सारस्वत, बृजेश के पटेल, मो. जुनैद, विवेक दुबे, अभिनव त्रिपाठी सहित कई पूर्व छात्र शामिल रहे।

परीक्षा केंद्र : 263
नोडल केंद्र : 22
परीक्षार्थियों की संख्या : तीन लाख से अधिक

ये हैं प्रमुख निर्देश

- परीक्षार्थी ओएमआर शीट को ब्लैक या ब्लू बाल प्वाइंट पेन से भरें
- प्रश्न पुस्तिका परीक्षा शुरू होने से पांच मिनट पहले परीक्षार्थियों को दी जाए।
- एमसीक्यू प्रश्न पुस्तिका (बुकलेट) भी विद्यार्थियों से परीक्षा के बाद वापस ले ली जाए।
- परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी नोट्स, मोबाइल आदि लाने पर रोक रहेगी।

लवि के एनसीसी कैडेट्स ने किया श्रमदान

जासं ● लखनऊ : मां गोमती नदी के संरक्षण एवं स्वचछता को बढ़ावा देने के लिए लोक भारती एवं मनकामेश्वर मंदिर की ओर से अभियान चलाया गया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के 64 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेटो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान गोमती नदी के तटों की स्वच्छता को बढ़ाने के लिए एक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कैडेट्स ने नदी के किनारे स्थित कचरे एवं नदी के पानी को साफ करने में योगदान दिया। साथ ही उन्होने नदी के पास जागरूकता अभियान भी चलाया ताकि लोग नदी की स्वच्छता की महत्वता को समझे और नदी को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए सहयोग करे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में राष्ट्रीय कांफ्रेंस

कांफ्रेंस का शुभारंभ करते न्यायमूर्ति शमीम अहमद इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ साथ में न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ, प्रो आलोक कुमार राय और प्रावक्टर मो. अहमद व अन्य● जागरण

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में रविवार को नेशनल कांफ्रेंस आन आर्बिट्रेशन ऐंड मीडियेसन एंट ग्रासरोड : ग्राम प्रजेंट टू एथ्यूवर विषय पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप मे उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे न्यायमूर्ति शमीम अहमद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने अनुभव व अवलोकनो के साथ सम्मेलन की समृद्धि पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता कुमांक्ष विश्वविद्यालय के प्रो. एसडी शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

RAHSTRIAYA SAHARA PAGE 5

पूर्व छात्र रहे 40 जज व 8 असिस्टेंट प्रोफेसर सम्मानित

लविवि विधि छात्रावास में विदाई व पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर स्थित होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास में रविवार को 'दशविदानिया'(विदाई समारोह) तथा पूर्ववर्ती छात्रों के मिलन समारोह किया गया। कार्यक्रम में विधि संकाय के एलएलवी (पंचवर्षीय), एलएलवी (त्रिवर्षीय), तथा एलएलएम के छात्र और विधि की क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां प्राप्त करने वाले पूर्ववर्ती छात्रो को सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्रावास के पूर्व छात्र रहे 40 जज, 8 असिस्टेंट प्रोफेसर और वह अन्य प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने न केवल छात्रों को सम्मानित किया बल्कि उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस मौके पर डीएसडब्ल्यू संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट अनूप कुमार सिंह, और होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ.अर्चना सिंह व सहायक प्रोवोस्ट ओ पी सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से उन छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विधि के क्षेत्र में उल्लेखनीय समर्पण, नवाचार और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। अभूतपूर्व शोध से लेकर विश्वविद्यालय में महत्वपूर्ण योगदान तक, सम्मानित छात्रो ने महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है और दूसरों के लिए प्रेरणा के स्रोत बनकर उबरे है। कुलपति ने छात्रों को संवोधित करते हुए कहा कि होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास विधि के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है जो भविष्य के लिए प्रेरणा स्रोत सावित होंगे। उन्होंने कहा छात्रों की लगन, उन्हें निश्चित ही जीवन में सफलता के मार्ग पर अग्रसर करेगी। इसके साथ ही चीफ प्रोवोस्ट अनूप कुमार सिंह ने स्वागत अभिभाषण में छात्रों की मेहनत को सराहा। कार्यक्रम के अंत में होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास की प्रोवोस्ट अर्चना सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं समारोह में शिरकत करने वाले सभी अतिथियों एवं छात्रों को धन्यवाद किया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

एनईपी के तहत होंगी बीए और बीएससी की परीक्षाएं

लविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में स्थापित हुए 246 परीक्षा केन्द्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में 30 अप्रैल से बीए और बीएससी की परीक्षाएं होंगी। इसको लेकर लखनऊ सहित संबद्ध महाविद्यालयों में 246 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि व्यवस्थाओं को लेकर केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

दूसरे और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं भी 30 अप्रैल से आरंभ होंगी, जो 6 जून तक चलेंगी। उधर, छठे सेमेस्टर की परीक्षा 30 अप्रैल से शुरू होकर 3 जून को समाप्त होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि 30 अप्रैल से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए कुल 246 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें लखनऊ के अलावा सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली जनपदों के सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्य और परीक्षा केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

वीडियो ही नहीं आवाज पर भी रहेगी नजर

सभी परीक्षा केन्द्रों पर लविवि की ओर से सीसीटीवी लगाने के निर्देश हैं। कैमरों में वाइस रिकार्डर भी लगाने के लिए कहा गया है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि कैमरों में लगे वाइस रिकार्डर के सहारे गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित भी किया जाएगा।

सहायक केन्द्राध्यक्ष भी रहेंगे मौजूद

हर केन्द्र में केन्द्र प्रभारियों के साथ सहायक केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति भी की गई है। केन्द्रों के कक्षों में परिरेक्षक मौजूद रहेंगे। आंतरिक व्यवस्थाओं के संचालन के दौरान ये उड़ाका दस्ते की मदद भी करेंगे।

बीफार्मा सहित अन्य परीक्षाओं का भी होगा संचालन

बीफार्मा के अलावा डीफार्मा, बीटेक, बीसीए, एमसीए और एमटेक परीक्षाओं के आयोजन भी किये जा रहे हैं। विवि प्रशासन की ओर से इसको लेकर भी गाइड लाइन जारी की गई है।

LOKSATYA PAGE 2

लखनऊ विश्वविद्यालय में चार लाख विद्यार्थी देंगे परीक्षा

तैयारी

- वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं परीक्षा कार्यक्रम

लखनऊ, लोकसत्य। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के मुताबिक बीटेक रेगुलर व बैकपेपर आठवें सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 16 मई, छठे की नौ से 22 मई, चतुर्थ की 24 मई से पांच जून और द्वितीय की 30 मई से 10 जून तक होगी। बीफार्मा जैसे कई पाठ्यक्रमों की परीक्षा समय सारिणी जारी कर दी है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

इसके साथ एलयू में तीस अप्रैल से शुरू हो रही स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षा के प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। एलयू में बीटेक, बीसीए और बीफार्मा जैसे पाठ्यक्रमों